# आजादी का मोल तो जान लिया, पर नागरिक होने का फर्ज कब सीखेंगे?

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 10 मई की तारीख महज एक घटना नहीं, बल्कि एक हमारी चेतना के उदय का प्रतीक है। संयोग देखिए कि वर्ष 1857 के उस रविवार और आज के रविवार में एक अद्भुत समानता है - वही तारीख और वही दिन। लेकिन इस समानता के बीच समय का एक लंबा फासला है, जो हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि जिस आजादी की नींव मेरठ की उन गलियों में रखी गई थी, उसे एक नागरिक के तौर पर हमने कितना समझा है। 10 मई 1857 की उस शाम मेरठ छावनी में जब भारतीय सैनिकों ने विद्रोह का बिगुल फूंका, तो वह केवल एक सैन्य बगावत नहीं थी। वह बरसों से दबे हुए उस गुस्से की आवाज थी, जो ब्रिटिश शासन के जुल्म और बेइज्जती के खिलाफ पनप रहा था। अक्सर कहा जाता है कि बगावत चर्बी वाले कारतूसों की वजह से हुई, लेकिन असल में यह लड़ाई अपनी मिट्टी और अपनी पहचान को बचाने की थी। सोचिए, उस दौर में न तो आज की तरह मोबाइल फोन थे और न ही इंटरनेट। उन सैनिकों के पास लड़ने के लिए न तो बहुत आधुनिक हथियार थे और न ही सुख-सुविधाएं। इसके बावजूद उन्होंने रोटी और कमल जैसे साधारण प्रतीकों के जरिए पूरे देश को जोड़ दिया। यह जुड़ाव इतना मजबूत था कि आज की इस सूचना क्रांति के दौर में भी वह एक मिसाल है। मेरठ से दिल्ली की ओर बढ़ने वाले उन क्रांतिकारियों के बीच धर्म, जाति या इलाके की कोई दीवार नहीं थी। उस वक्त उनके सामने सिर्फ एक ही लक्ष्य था - देश को गुलामी की जंजीरों से बाहर निकालना। हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सैनिकों ने आपसी मतभेद भुलाकर कंधे से कंधा मिलाया और दिल्ली के तख्त को अपना नेतृत्व सौंपा। भारतीय एकता के उस सुनहरे दौर को आज के विखंडित होते समाज मे फिर से याद करने की बहुत जरूरत है। लेकिन जब हम आज के हालात में उस महान क्रांति को देखते हैं, तो कई कड़वी सच्चाईयां सामने आती हैं। आजादी मिले साढ़े सात दशक बीत चुके हैं, पर क्या हम वाकई एक जागरूक और चेतना संपन्न नागरिक बन पाए हैं? आज हमारे पास संविधान से मिले अधिकार तो हैं, परंतु हम उनके लिए लड़ना नहीं जानते और जब उन्हीं अधिकारों के साथ जुड़ी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की बात आती है, तो हम अक्सर मुंह फेर लेते हैं। आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हम आजादी का मतलब सिर्फ बाधाओं से मुक्ति या अपनी मनमर्जी करना समझ बैठे हैं। हमें लगता है कि आजादी का मतलब है कि हमारे ऊपर कोई रोक-टोक न हो, जबकि असली आजादी खुद पर नियंत्रण रखने और अपने उत्तरदायित्वों को निभाने में है। सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाना, ट्रैफिक के नियमों को मजाक समझना और आपस में बढ़ती कड़वाहट - ये सब इस बात का प्रमाण हैं कि हमें अपने हक तो याद हैं, लेकिन हम अपने कर्तव्यों के मामले में बिल्कुल मौन हैं। हमें यह समझना होगा कि 10 मई की वह क्रांति केवल अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने के लिए नहीं थी, बल्कि एक ऐसे स्वाभिमानी राष्ट्र के निर्माण के लिए थी जहाँ हर इंसान की इज्जत हो। तो खुद से पूछना चाहिए कि आज बतौर नागरिक हमारी वो इज्जत है, जिसके लिए हमारे पुरखे लड़े। क्या हम उन शहीदों के सपनों जैसा समाज बना पा रहे हैं? 10 मई का यह ऐतिहासिक दिन हमें केवल पुराने गौरव को याद करने का मौका नहीं देता, बल्कि हमें आगाह भी करता है। यह याद दिलाता है कि आजादी खैरात में मिली कोई चीज नहीं है, बल्कि यह एक साधना है जिसे हर नागरिक को अपने अच्छे आचरण से बचाकर रखना पड़ता है। अगर हम वाकई उन क्रांतिकारियों को सम्मान देना चाहते हैं, तो हमें अपनी आजादी को अनुशासन के साथ जीना होगा। जिस दिन हम अपनी नागरिक जिम्मेदारियों को अपने अधिकारों के बराबर खड़ा कर देंगे, उसी दिन 1857 की वह क्रांति सही मायने में सफल मानी जाएगी।

# पृथ्वी की इस धरा पर माँ ईश्वर अल्लाह का रूप -मातृत्व प्रेम, त्याग और मानव सभ्यता की सबसे अनमोल धरोहर

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के आरंभ से लेकरआज के आधुनिक वैज्ञानिक युग तक यदि किसी रिश्ते को सबसे अधिक पवित्र,निस्वार्थ,अद्वितीय और ईश्वर तुल्य माना गया है,तो वह रिश्ता माँ और संतान का है।पृथ्वी पर विद्यमान करोड़ों जीवों और अनगिनत प्रजातियों में यदि कोई भावना सबसे अधिक स्वाभाविक, गहरी और आत्मिक है, तो वह मातृत्व है। एक माँ केवल जन्म देने वाली स्त्री नहीं होती, बल्कि वह वह शक्ति होती है जो अपने बच्चे के लिए स्वयं को पूर्णत: समर्पित कर देती है। संसार का हर रिश्ता किसी न किसी अपेक्षा पर आधारित हो सकता है, किंतु माँ का प्रेम ऐसा अमृत है जिसमें केवल त्याग, ममता,करुणा,संरक्षण और आशीर्वाद होता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में माँ को भगवान से भी ऊपर स्थान दिया गया है और कहा गया मातृ देवो भव: अर्थात् माँ देवता के समान है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मैं अगर अपनी ब्रह्मलीन माँ के साथ में अपनी सच्चाई बताऊं तो 20 नवंबर 2020, धनतेरस के दिन से मैं अपनी मां के प्यार से वंचित हो गया हूं क्योंकि इसी दिन मेरी आंखों के सामने मेरी माँ को साइलेंट अटैक आया था और मेरे नजरों के सामने, मेरे से बात करते हुए, मैन दुनियां से ओझल होते हुए अपनी आंखों से देखा था वह पल मैं जिंदगी में कभी नहीं भूल पाऊंगा और हमेशा सोचता हूं, चिट्ठी ना कोई संदेश ना जाने कौनसा देश जहां तुम चले गए, आज मैं कहता हूं कि माँ दिवस 10 मई 2026 को हे माँ ! तुम्हारे साथ माँ दिवस मनाना है, आओ इस लोक में या बुला लो परलोक में, इसीलिए ही कहता हूं जिनके पास माँ है वह जीवन में भाग्यशाली जीव है।जब कोई व्यक्ति अपने बचपन की स्मृतियों में लौटता है, तो उसे सबसे पहले माँ की गोद, उसकी थपकी, उसकी लोरी और उसका स्नेह याद आता है। बचपन में गिरने पर जो हाथ सबसे पहले सहारा देता है, वह माँ का होता है। भूख लगने से पहले जो चिंता करती है,वह माँ होती है। बच्चे की आंखों के आंसू देखकर जिसका हृदय कांप उठता है, वह माँ होती है। यही कारण है कि संसार का हर व्यक्ति अपने जीवन में चाहे जितनी भी ऊँचाइयाँ प्राप्त कर ले, लेकिन उसकी आत्मा के सबसे कोमल हिस्से में उसकी माँ बसती है। जिस व्यक्ति के जीवन में माँ का साया मौजूद है, वास्तव में वह इस पृथ्वी का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति है, क्योंकि माँ की उपस्थिति केवल एक संबंध नहीं बल्कि ईश्वर की जीवंत व सटीक अनुभूति होती है। साथियों बात अगर हम मां के गहरे असीम प्यार को हम करीबी से महसूस कर सकते हैं इसको प्रैक्टिकल देखने की करें तो जिनके घर में छोटे दूध मुहें बच्चे हैं, तो हम देखेंगे की उस मां का अपने बच्चों पर कितना केयर रहता है।अपना पूरा समय वह बच्चों केलालन पोषण में लगा देती है, क्योंकि वह मां बच्चे के रोनें या नहीं सोने पर सारी रात आंखों में काटे डालकर जैसे तैसे बिता देता है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे घर में अभी दो छोटे बच्चे हैं, कुमार और रुहान जिनकी परवरिश उनकी माएं कर रही है, तो एक मां और एक बच्चे की परवरिश की गहराई का एहसास मुझे होता है। मेरा मानना है कि जो मानवीय जीव अपनी मां का अपमान करते हैं उसे दुख देते हैं, घर से निकाल देते हैं या माँ की शान में कोई कृत्य करते हैं, तो उनसे बड़ा पापी इस पृथ्वी पर कोई नहीं है उनसे बड़ा कोई दुराचारी नहीं है, उनको इस योनि में उनके इस कृत्य का हजार गुणा फल जरुर मिलेगा ऐसा मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति ने अपनी मां का सम्मान करते हुए मां दिवस 10 मई 2026 को पूरा दिन मां के साथ बिताना चाहिए,उसकी छत्रछाया में उसके चरणों में बैठकर उनसे वार्तालाप करना, खेलना हंसमुख मजाक कर उन्हें खुशी देना चाहिए,फिर बस माँ को और क्या चाहिए।अगर उसकी औलाद उनकोखुशियां देती है तो मां के मुख से ऐसी दुआएं निकलती है जो उन बच्चों का यह लोक तो क्या परलोक भी सवेरा हो जाता है। अपने बारे में मुझे ऐसा पूरा विश्वास है कि 10 मई 2026 को अदृश्य रूप से ही सही मेरी मां जरूर आएगी, क्योंकि मैंने मन से कह दिया है माँ तुम्हारे साथ मैं माँ दिवस मनाना चाहता हूं आ जाओ इस लोक में या फिर बुला लो परलोक में। चूंकि मां की गोद एक शरण स्थान है, जहां हमें सुकून मिलता है, सभी दुखों का इलाज होता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे माँ धरती पर भगवान का रूप होती है माँ का स्थान हमारे जीवन में अद्वितीय होता है।साथियों बात अगर हम माँ के प्रेम की महानता को समझने की करें तो उसके लिए केवल मनुष्य समाज को देखना पर्याप्त नहीं है। यदि हम प्रकृति और जीव -जंतुओं के संसार का अवलोकन करें तो पाएंगे कि मातृत्व हर जीव की मूल प्रवृत्ति है। गाय अपने बछड़े के लिए चिंतित रहती है, पक्षी अपने बच्चों को पंखों के नीचे छिपाकर सुरक्षा देते हैं, बिल्ली अपने बच्चों को मुंह में उठाकर सुरक्षित स्थान तक ले जाती है और एक कुतिया अपने पिल्लों की रक्षा के लिए किसी भी खतरे से भिड़ जाती है। यदि कोई व्यक्ति किसी पशु के बच्चे को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करे, तो उसकी माँ तुरंत आक्रमण कर देती है। यह केवल स्वभाव नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा दिया गया वह दिव्य भाव है जिसे मातृत्व कहा जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि माँ का प्रेम केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्त सृष्टि में व्याप्त है।मानव जीवन में माँ का महत्व इसलिए भी सबसे अधिक है क्योंकि वह अपने बच्चे के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देती है। एक माँ अपने बच्चे को नौ महीने तक अपने गर्भ में रखती है, असहनीय पीड़ा सहकर उसे जन्म देती है और उसके बाद अपना हर सुख त्यागकर उसकी परवरिश करती है। बच्चे की एक मुस्कान उसके सारे दुःख भुला देती है। बच्चा रातभर रोता रहे तो माँ अपनी नींद भूल जाती है। वह स्वयं भूखी रह सकती है, लेकिन अपने बच्चे को भूखा नहीं देख सकती। यही त्याग मातृत्व को ईश्वर के सबसे निकट ले जाता है। साथियों आज की आधुनिक दुनिया में जहां भौतिकता और स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, वहाँ माँ का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में भी कोई मशीन माँ का स्थान नहीं ले सकती। दुनिया का सबसे महंगा उपहार भी माँ की गोद जैसी शांति नहीं दे सकता। एक माँ अपने बच्चों के लिए केवल पालनकर्ता नहीं होती, बल्कि वह उनकी पहली गुरु, पहली चिकित्सक, पहली मित्र और पहली मार्गदर्शक होती है। बच्चे के चरित्र निर्माण में माँ की सबसे बड़ी भूमिका होती है। वह अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र का भविष्य तैयार करती है। साथियों समाज में जब कभी नैतिक मूल्यों के पतन की चर्चा होती है, तो उसका एक बड़ा कारण परिवारों में मातृत्व और पारिवारिक संस्कारों का सटीक कमजोर होना भी माना जाता है। जिस समाज में माँ का सम्मान होता है, वह समाज उन्नत और संस्कारित होता है। लेकिन दुर्भाग्य से आधुनिक समय में कई स्थानों पर वृद्ध माताओं के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा और अपमान की घटनाएँ भी सामने आती हैं। कुछ लोग अपनी ही माँ को बोझ समझने लगते हैं, उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं या मानसिक पीड़ा देते हैं। यह केवल सामाजिक पतन नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं का सबसे बड़ा अपराध है। जो व्यक्ति अपनी माँ का सम्मान नहीं कर सकता, वह वास्तव में किसी भी रिश्ते का सम्मान नहीं कर सकता। भारतीय संस्कृति सदैव यह संदेश देती रही है कि माँ के चरणों में स्वर्ग बसता है। माँ की सेवा केवल कर्तव्य नहीं बल्कि जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। साथियों माँ के आशीर्वाद की शक्ति को दुनिया की हर संस्कृति ने स्वीकार किया है। भारत में माँ दुर्गा, माँ सरस्वती और माँ लक्ष्मी के रूप में नारी शक्ति की पूजा की जाती है। ईसाई परंपरा में मदर मैरी को करुणा और पवित्रता का प्रतीक माना गया है। इस्लाम में कहा गया है कि जन्नत माँ के कदमों के नीचे है। दुनिया की लगभग हर सभ्यता और धर्म ने माँ को सर्वोच्च सम्मान दिया है। यह दर्शाता है कि मातृत्व किसी एक समाज या संस्कृति की अवधारणा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता का साझा सत्य है। साथियों मदर्स डे अर्थात मातृ दिवस इसी मातृत्व के सम्मान का वैश्विक प्रतीक है। हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को दुनिया के अनेक देशों में मदर्स डे मनाया जाता है। हालांकि माँ के लिए केवल एक दिन पर्याप्त नहीं हो सकता, क्योंकि माँ का महत्व वर्ष के 365 दिनों में हर क्षण बना रहता है। फिर भी यह दिन हमें अवसर देता है कि हम अपनी माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें, उनके त्याग को याद करें और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण हैं। साथियों मदर्स डे केवल उपहार देने का दिन नहीं है। यह दिन माँ के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त करने का अवसर है। बहुत से लोग इस दिन अपनी माँ के साथ समय बिताते हैं, उन्हें भोजन पर ले जाते हैं, उपहार देते हैं या उन्हें धन्यवाद कहते हैं। लेकिन वास्तव में माँ को सबसे अधिक खुशी अपने बच्चों का प्रेम और सम्मान देखकर मिलती है। यदि कोई संतान अपनी माँ के साथ बैठकर कुछ पल हँस ले, उनसे बातें कर ले, उनका हाथ पकड़ ले और यह कह दे कि आप मेरे जीवन की सबसे बड़ी शक्ति हैं, तो वही माँ के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है।

साथियों आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग अपने परिवार के लिए समय निकालना भूलते जा रहे हैं। बच्चे करियर और सफलता की दौड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि कई बार अपनी माँ की भावनाओं को समझ नहीं पाते। जबकि माँ का जीवन अपने बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमता है। वह वृद्ध हो जाए, कमजोर हो जाए, लेकिन उसके मन में अपने बच्चों के लिए चिंता कभी कम नहीं होती। इसलिए यह आवश्यक है कि हम केवल मदर्स डे पर ही नहीं बल्कि हर दिन अपनी माँ का सम्मान करें, उनका ख्याल रखें और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे अकेली नहीं हैं।

-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

# बंगाल की हिंसा है लोकतंत्र पर धब्बा और बड़ी चुनौती

पश्चिम बंगाल में हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों के बाद जिस प्रकार हिंसा, हत्याओं, आगजनी और राजनीतिक प्रतिशोध की घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने केवल राज्य की शांति को ही नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को भी आहत किया है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है, किंतु जब यह उत्सव हिंसा, भय और प्रतिशोध में बदल जाए तो यह केवल राजनीतिक असफलता नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का संकेत बन जाता है। बंगाल की ताजा हिंसक घटनाएं इसी चिंता को सामने लाती हैं। चुनाव के दौरान छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो मतदान अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ था। लेकिन परिणामों की घोषणा के बाद जिस प्रकार राजनीतिक दलों के समर्थक एक-दूसरे के खिलाफ आक्रामक हुए, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अब वैचारिक संघर्ष न रहकर प्रतिशोध और वर्चस्व की लड़ाई बनती जा रही है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़बंगाल की हिंसा है लोकतंत्र पर धब्बा और बड़ी चुनौती पें, कई लोगों की हत्याएं और विशेष रूप से सुवेंदु अधिकारी के करीबी चंद्रनाथ रथ की हत्या ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक गंभीर बना दिया। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह क्यों बची रहनी चाहिए?

यह विडंबना है कि भारत, जिसने विश्व को अहिंसा, करुणा और वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र दिया, आज वही देश राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी छवि धूमिल करता दिखाई देता है। महात्मा गांधी ने राजनीति को नैतिकता और सेवा से जोड़ा था, लेकिन आज राजनीति सत्ता, प्रतिशोध और भय का माध्यम बनती जा रही है। बंगाल की हिंसा इस बीमारी का एक भयावह उदाहरण है। पश्चिम बंगाल का राजनीतिक इतिहास हिंसा से अछूता नहीं रहा है। वामपंथी शासन के लंबे दौर से लेकर तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल तक राजनीतिक संघर्ष कई बार रक्तरंजित रूप में सामने आया। बूथ कब्जाने, विरोधियों को डराने, स्थानीय दबंगों और अपराधी तत्वों का राजनीतिक संरक्षण-ये सब बंगाल की राजनीति की कटु वास्तविकताएं रही हैं। सत्ता बदलती रही, लेकिन राजनीतिक संस्कृति में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आ सका। यही कारण है कि चुनाव परिणामों के बाद भी हिंसा का वातावरण बनता है और आम नागरिक भय तथा असुरक्षा के बीच जीने को मजबूर होता है।

दरअसल जब राजनीति विचार और जनसेवा से हटकर केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम बन जाती है, तब हिंसा उसका स्वाभाविक परिणाम बनती है। हार को लोकतांत्रिक विनम्रता से स्वीकार करने के बजाय प्रतिशोध का माध्यम बना लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। यही कारण है कि चुनाव आयोग के स्पष्ट निर्देशों और विजय जुलूसों पर प्रतिबंध के बावजूद हिंसक घटनाएं हुईं। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों की नैतिक विफलता भी है। ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाना और राजनीतिक टकराव को तीखा बनाना हो या भाजपा द्वारा आक्रामक राजनीतिक प्रतिक्रिया-दोनों पक्षों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र में विपक्ष और सत्ता दोनों की जिम्मेदारी होती है कि वे जनता को शांति और संयम का संदेश दें। दुर्भाग्य से हमारे राजनीतिक दल अक्सर कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नियंत्रित करने के बजाय उन्हें उकसाने का काम करते हैं। परिणामस्वरूप हिंसा सामान्य राजनीतिक व्यवहार का हिस्सा बनती जा रही है। सबसे अधिक पीड़ा इस बात की है कि राजनीतिक हिंसा की कीमत हमेशा आम जनता को चुकानी पड़ती है। जिन लोगों के घर जलते हैं, जिन परिवारों के सदस्य मारे जाते हैं, जिन छोटे व्यापारियों की दुकानें टूटती हैं, उनका राजनीति से कोई सीधा संबंध नहीं होता। वे केवल उस हिंसक मानसिकता के शिकार बनते हैं जो सत्ता को मानवता से ऊपर मानती है। यह प्रश्न गंभीरता से पूछा जाना चाहिए कि आखिर राजनीतिक दल हिंसा का सहारा क्यों लेते हैं? जबकि इतिहास गवाह है कि हिंसा कभी स्थायी समाधान नहीं देती। हिंसा केवल भय, अविश्वास और प्रतिशोध को जन्म देती है। जो दल हिंसा को हथियार बनाते हैं, वे अंतत: जनता की नजरों में अपना नैतिक अधिकार खो देते हैं। राजनीति का उद्देश्य समाज को जोड़ना होना चाहिए, तोड़ना नहीं। आज भारत एक नए वैश्विक दौर में प्रवेश कर रहा है। दुनिया भारत को एक उभरती आर्थिक शक्ति, तकनीकी महाशक्ति और लोकतांत्रिक मॉडल के रूप में देख रही है। वर्ष 2047 तक जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं होना चाहिए, बल्कि एक ऐसे सभ्य और नैतिक राष्ट्र का निर्माण भी होना चाहिए जहां राजनीति का आधार अहिंसा, संवाद और संवेदनशीलता हो। यदि राजनीतिक दल नफरत, सांप्रदायिकता और हिंसा को अपना हथियार बनाए रखेंगे, तो विकसित भारत का सपना अधूरा रह जाएगा। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सांस्कृतिक चेतना रही है। गौतम बुद्ध ने करुणा का संदेश दिया, महावीर ने अहिंसा को जीवन का सर्वोच्च मूल्य बताया, गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर साम्राज्य को चुनौती दी। यह वही भारत है जिसने दुनिया को यह सिखाया कि मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति प्रेम और सह-अस्तित्व है। लेकिन आज राजनीतिक स्वार्थों और गैर-राजनीतिक आपराधिक तत्वों के कारण देश की छवि प्रभावित हो रही है। अपराधी मानसिकता के लोग राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। वे दल बदलते रहते हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल शक्ति और स्वार्थ की पूर्ति होता है। बंगाल की ताजा घटनाओं में भी ऐसे तत्वों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। समाधान केवल प्रशासनिक कठोरता में नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति के परिवर्तन में निहित है। सबसे पहले सभी राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से हिंसा की निंदा करनी चाहिए और अपने कार्यकर्ताओं को संयम बरतने का स्पष्ट संदेश देना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र प्रतिद्वंद्विता का नहीं, सह-अस्तित्व का नाम है। दूसरा, कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। किसी भी दल से जुड़े उपद्रवियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखकर संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी बढ़ानी होगी। तीसरा, राजनीति के अपराधीकरण पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। ऐसे लोगों को राजनीतिक दलों में प्रवेश ही न मिले जिनकी पृष्ठभूमि हिंसक और आपराधिक रही हो। राजनीतिक दलों को अपने भीतर नैतिक अनुशासन विकसित करना होगा। चौथा, समाज में लोकतांत्रिक शिक्षा और संवेदनशीलता का वातावरण बनाना होगा। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में संवाद, सहिष्णुता और अहिंसा के मूल्यों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। जब तक समाज स्वयं हिंसा को अस्वीकार नहीं करेगा, तब तक राजनीतिक हिंसा का अंत कठिन होगा।

बंगाल की ताजा हिंसा केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़ी एक गंभीर चेतावनी है। यदि हमने समय रहते राजनीति को स्वस्थ मूल्यों की ओर नहीं मोड़ा, तो नफरत और हिंसा लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करती रहेंगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत अपनी आत्मा को पहचाने। यह देश युद्ध और प्रतिशोध की नहीं, बल्कि शांति, सह-अस्तित्व और विश्वबंधुत्व की भूमि है। वसुधैव कुटुम्बकम केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता का मूल दर्शन है। यदि राजनीति इस दर्शन से विमुख होगी, तो लोकतंत्र केवल सत्ता संघर्ष बनकर रह जाएगा। पश्चिम बंगाल को अब हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकलकर विकास, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यही लोकतंत्र की गरिमा है, यही जनता की अपेक्षा है और यही विकसित भारत का मार्ग भी।

- ललित गर्ग

## संस्कारों की जननी शिक्षा और समकालीन परिवर्तन की आवश्यकता

**- कांतिलाल मांडोत**

मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि उस ज्ञान को जीवन में उतारकर स्वयं को एक श्रेष्ठ मनुष्य बनाना है। शिक्षा और संस्कार का संबंध इसी सत्य को प्रकट करता है। शिक्षा व्यक्ति को योग्य बनाती है, जबकि संस्कार उसे महान बनाते हैं। आज के समय में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि शिक्षा का विस्तार तो हुआ है, परन्तु संस्कारों का क्षय भी उसी गति से बढ़ा है। यही कारण है कि समाज में विद्वान व्यक्तियों की कमी नहीं है, पर सुसंस्कृत व्यक्तियों की कमी अवश्य महसूस होती है। इस परिस्थिति में शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

संस्कार और शिक्षा के बीच का अंतर समझना आवश्यक है। शिक्षा एक बाहरी प्रक्रिया है, जो पुस्तकों, विद्यालयों और परीक्षाओं के माध्यम से प्राप्त



होती है, जबकि संस्कार आंतरिक प्रक्रिया है, जो परिवार, वातावरण और अनुभवों से विकसित होती है। एक व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता है, पर यदि उसमें विनम्रता, करुणा, सत्यनिष्ठा और कर्तव्यपरायणता जैसे गुण नहीं हैं, तो उसकी शिक्षा अधूरी मानी जाएगी। दूसरी ओर, एक अशिक्षित व्यक्ति भी अपने श्रेष्ठ संस्कारों के कारण समाज में सम्मानित स्थान प्राप्त कर सकता है।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह केवल ज्ञान और कौशल पर केंद्रित हो गई है। विद्यालयों में बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए तैयार किया जाता है, न कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए। नैतिक शिक्षा, मानवता, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषय धीरे-धीरे शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं। बच्चों पर पुस्तकों का भार इतना अधिक है कि उनके पास जीवन के मूल्यों को समझने का समय ही नहीं बचता। परिणामस्वरूप, वे प्रतिस्पर्धा में तो आगे बढ़ते हैं, पर जीवन के मूल उद्देश्य से भटक जाते हैं।

संस्कारों की नींव बचपन में ही रखी जाती है, और इसमें माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। विशेष रूप से माता का प्रभाव बच्चे के जीवन पर गहरा होता है। बचपन में जो आदतें और विचार बच्चे के मन में स्थापित होते हैं, वही आगे चलकर उसके व्यक्तित्व का आधार बनते हैं। इसलिए यदि प्रारंभिक अवस्था में ही बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाएं, तो वे जीवनभर उनका पालन करते हैं। परन्तु आज की व्यस्त जीवनशैली में माता-पिता बच्चों के साथ पर्याप्त समय नहीं बिता पाते, जिससे संस्कारों का अभाव बढ़ता जा रहा है।

विद्यालयों का दायित्व केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि संस्कारों का विकास करना भी है। शिक्षक केवल ज्ञान के प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक भी होते हैं। यदि शिक्षक अपने आचरण से बच्चों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करें, तो बच्चों पर उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। दुर्भाग्यवश, आज शिक्षा एक व्यवसाय बनती जा रही है, जहां शिक्षक और छात्र दोनों ही केवल परिणामों पर ध्यान देते हैं, न कि प्रक्रिया पर। इस प्रवृत्ति को बदलना अत्यंत आवश्यक है।

सरकार को शिक्षा में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। सबसे पहले, शिक्षा नीति में नैतिक और मूल्य आधारित शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। विद्यालयों में केवल सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय जीवन कौशल, नैतिक शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। पाठ्यक्रम में ऐसे विषय शामिल किए जाएं, जो बच्चों को जीवन के वास्तविक पहलुओं से जोड़ें।

दूसरे, शिक्षकों के प्रशिक्षण में सुधार किया जाना चाहिए। शिक्षकों को केवल विषय ज्ञान ही नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए भी प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। उन्हें यह सिखाया जाए कि वे बच्चों में अच्छे संस्कार कैसे विकसित कर सकते हैं। एक प्रेरणादायक शिक्षक ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है।

तीसरे, शिक्षा प्रणाली को परीक्षा-केंद्रित होने से बचाना चाहिए। वर्तमान में बच्चों की योग्यता का आकलन केवल अंकों के आधार पर किया जाता है, जो उचित नहीं है। इसके स्थान पर समग्र मूल्यांकन प्रणाली अपनाई जानी चाहिए, जिसमें बच्चों के व्यवहार, नैतिकता और सामाजिक योगदान को भी महत्व दिया जाए।

चौथे, विद्यालयों में सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। खेल, कला, संगीत और सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित बनाती हैं और उनमें सहयोग, अनुशासन और संवेदनशीलता जैसे गुण विकसित करती हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल मस्तिष्क का विकास नहीं, बल्कि हृदय का विकास भी होना चाहिए।

पांचवें, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ और समान हो। आर्थिक असमानता के कारण कई बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। यदि सभी बच्चों को समान अवसर मिलेंगे, तो समाज में संतुलन और समरसता स्थापित होगी।

इसके अतिरिक्त, परिवार और समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए और उन्हें जीवन के मूल्यों से परिचित कराना चाहिए। समाज को भी ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहिए, जहां अच्छे संस्कारों को प्रोत्साहन मिले।

आज के बच्चे ही भविष्य के नागरिक हैं। यदि उनमें अच्छे संस्कार विकसित किए जाएं, तो वे एक सशक्त और नैतिक समाज का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षा को केवल रोजगार का माध्यम न बनाकर, जीवन निर्माण का साधन बनाना होगा। इसके लिए सरकार, विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

अंतत: यही कहा जा सकता है कि शिक्षा और संस्कार एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना संस्कार के शिक्षा अधूरी है और बिना शिक्षा के संस्कारों का विकास सीमित हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा को संस्कारों की जननी के रूप में पुन: स्थापित किया जाए। जब शिक्षा में नैतिकता, मानवता और जीवन मूल्यों का समावेश होगा, तभी एक आदर्श समाज का निर्माण संभव होगा।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

## कम प्रगति वाले कर्मचारियों लगाई फटकार



**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत लांजी सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने सभी विभागों के खंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लांजी में आयोजित बैठक में विधायक राजकुमार करहि भी शामिल हुए। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित बैठकों में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, डी.पी. बर्मन, लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार, लांजी जनपद सीईओ अंकित सिंघई सहित सभी विभागों के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधायक राजकुमार करहि ने अधिकारियों से आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार रखने और शिकायतों से बचने की बात कही। उन्होंने ग्राम स्तर पर तैनात कर्मचारियों को सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए तथा प्रत्येक तीन माह में समीक्षा बैठक आयोजित करने की आवश्यकता जताई। साथ ही विधायक निधि एवं अन्य योजनाओं से स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने एएनएम, सीएमओ और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति ꠰सार्थक एप꠰ के माध्यम से दर्ज करने तथा उसी आधार पर वेतन आहरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को कार्यस्थल से ही लॉग-इन और लॉग-आउट करना होगा, जिससे समय और स्थान की जानकारी दर्ज हो सके। बैठक में सभी एएनएम एवं सीएचओ को गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन कर चार बार एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएनसी पंजीयन में कम प्रगति पाए जाने पर लांजी विकासखंड के संबंधित एएनएम एवं सीएचओ को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार तथा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के शाला पूर्व शिक्षा पंजीयन की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सात दिवस में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। सेम श्रेणी के कुपोषित बच्चों को एमोक्सिसिलिन दवा एवं फूड बास्केट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही पाए जाने पर लांजी के पटवारी देवेंद्र शरणागत, कुलदीप नगपुरे, संजय कुमार पटले और रुखमणी बैगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही एक सप्ताह में शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बनाने को कहा गया। पटवारियों को लैपटॉप अपडेट करने, खसरा बंटांकन और नक्शा तरमीम का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान लांजी की नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायतों में रोजगार उपलब्ध कराने में लापरवाही पाए जाने पर घोटी, सर्रा, जुनेवानी, अंधियाटोला, नेवरवाही, कलपाथरी और चिचोली के ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना, एफएमडी टीकाकरण और नर पशुओं के बधियाकरण कार्य में कम प्रगति पाए जाने पर पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी यशवंत लिल्हारे, आकांक्षा करहि, सौरभ उईके और महेंद्र आसटकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान अमेड़ा नर्सरी में मखाना खेती को बढ़ावा देने में अपेक्षित प्रयास नहीं करने पर संबंधित उद्यान विस्तार अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में नल-जल योजनाओं और बिजली आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि को निर्देश दिए गए कि धान कटाई करने वाले हार्वेस्टर में फसल अवशेष रोकने वाले आवश्यक अटैचमेंट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। वहीं लांजी एसडीएम को बिना अटैचमेंट वाले हार्वेस्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# लांजी में नेशनल लोक अदालत- 32 प्रकरणों का निराकरण

## साढ़े पांच लाख रुपये के अवार्ड पारित

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में शनिवार 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड लांजी में आयोजित इस लोक अदालत में कुल 32 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर 5,89,492 रुपये (पांच लाख उनासी हजार चार सौ बानवे) के अवार्ड पारित किए गए। मुख्य न्यायाधिपति, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे वर्चुअल मोड के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन हुआ। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय बालाघाट के प्रधान जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्राणेश कुमार प्राण एवं न्यायाधीश व सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### तहसील न्यायालय लांजी में शानदार परिणाम

तहसील न्यायालय लांजी की खंडपीठ संख्या 16 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रीतम शाह द्वारा कुल 79 राजीनामा योग्य प्रकरण रेफर किए गए थे। इनमें लड़ाई-झगड़े, मारपीट, भरण-पोषण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति, पारिवारिक विवाद, वैवाहिक विवाद और चेक बाउंस जैसे मामले शामिल थे। इनमें से 8 प्रकरणों का सफल निराकरण कर 3,50,000 रुपये (तीन लाख पचास हजार) के अवार्ड पारित किए गए।

### बैंक व विभागीय प्रीलिटिगेशन मामलों में भी जबरदस्त सफलता

बैंक, नगरपालिका, फाइनेंस कंपनियों और बीएसएनएल विभाग के 1085 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गए। इनमें से 24 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 2,39,492 रुपये (दो लाख उनतालीस हजार चार सौ बानवे) के अवार्ड पारित किए गए।

### कार्यक्रम में उपस्थिति

लोक अदालत के दौरान अधिवक्तागण, बैंक कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, न्यायालयीन कर्मचारी, पक्षकार तथा तहसील विधिक सेवा समिति लांजी के पैरालीगल वॉलेंटियर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मोहझरी में शादी की बारात में मारपीट

## दो भाइयों को कड़े से सिर पर मारकर पहुंचाई चोट

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** शादी की बारात में नाचते-कूदते समय छोटी सी बात पर चार युवकों ने दो भाइयों को बुरी तरह पीटा। हमलावरों ने हाथ में कड़ा पहन रखा था, जिससे दोनों भाइयों के सिर और माथे पर गहरी चोटें आईं। आरोपियों ने मारते-मारते जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की रिपोर्ट थाना लांजी में दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। घटना 8 मई 2026 की रात करीब 10 बजे ग्राम मोहझरी की है। प्रार्थी ऋषभ कामड़े (23) पुत्र संतोष कामड़े, निवासी मोहझरी ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि गांव की बारात में शामिल था, बारात में नाच-कूद चल रहा था। ऋषभ कामड़े और उनका छोटा भाई सौरभ कामड़े भी अन्य युवकों के साथ नाच रहे थे। इसी दौरान प्रांजल जोशी ने ऋषभ को धक्का मार दिया। ऋषभ ने भी जवाब में धक्का मारा, जिस पर दोनों में थोड़ी देर विवाद हुआ, लेकिन गांव वालों ने शांत करा दिया। कुछ देर बाद जब दोनों भाई शादी के पंडाल में खाना खाने जा रहे थे, तभी प्रांजल जोशी आवेश में आकर उनके सामने आ खड़ा हुआ। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब ऋषभ ने गालियां देने से मना किया तो प्रांजल जोशी ने उन पर हमला बोल दिया। हाथ में कड़ा पहने होने के कारण उसके मुक्कों से ऋषभ के सिर और माथे पर चोटें लग गईं।

### भाई बचाने आया तो उस पर भी टूट पड़े

जब छोटा भाई सौरभ बीच बचाव करने पहुंचा, तो प्रांजल का दोस्त समीर रावते ने उसे भी हाथ-मुक्कों से मारना शुरू कर दिया। समीर के हाथ में भी कड़ा था, जिससे सौरभ के सिर पर भी गहरी चोट आई। इसी बीच प्रांजल के अन्य दोस्त दीपक अवसरे और सौरभ रावते भी दौड़कर आ गए। चारों युवकों ने मिलकर दोनों भाइयों को बुरी तरह पीटा। मारपीट करते हुए वे लगातार अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 156/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसली, तीन युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम केराटोला के समीप शनिवार 9 मई को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक गिरकर घायल हो गए। घटना सुबह लगभग 11.30 बजे की बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कराया गया। अस्पताल में तीनों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घायल युवक ईंट बनाने का काम करते हैं। तीन-चार दिनों से मौसम खराब होने के कारण उनका काम बंद था। इसके चलते वे लांजी से अपने गांव दमोह की ओर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि तीनों शराब के नशे में थे, जिसके कारण ग्राम केराटोला के पास मोटरसाइकिल चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया और बाइक सड़क पर फिसल गई। घटना में घायल युवकों की पहचान नरेंद्र कुमार खुसरे, निवासी केंझटोला बिरसा, नान्हू मेरावी, निवासी दमोह, और साहिल धुर्वे, निवासी छापरटोला दमोह के रूप में हुई है। बताया गया है कि गिरने के बाद तीनों को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सिविल अस्पताल लांजी में चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाना इस दुर्घटना की प्रमुख वजह रही।



# डीजे बंद कराने पर लकड़ी के डंडे से सिर फोड़ा, जान से मारने की दी धमकी

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** ग्राम मोहझरी में शादी के कार्यक्रम से घर लौट रहे युवक को दो भाइयों ने जान से मारने की कोशिश की। डीजे बंद कराने पर गुस्साए दोनों भाइयों ने गाली-गलौज के बाद लकड़ी के डंडे से युवक के सिर पर इतना जोरदार वार किया कि सिर फट गया और खून बहने लगा। दोस्त बचाने पहुंचा तो उसे भी पीटा। आखिर में जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों भाई चले गए।

### घटना 9 मई की रात करीब 2 बजे की

प्रार्थी देवेश रावते पिता ओमकार रावते उम्र 30 वर्ष निवासी मोहझरी ने पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में सर्वेयर का काम करता है। गांव में रमेश आठोड़े के घर शादी थी, जिसमें वह भी शामिल था। खाना खाते समय गांव के दीप उरकुड़े और उसके भाई कान्हा उरकुड़े डीजे पर नाचते हुए आपस में वाद-विवाद करने लगे। देवेश ने उन्हें समझाया और डीजे बंद करवा दिया, जिससे माहौल शांत हो गया। खाना खाकर वह अपने दोस्त अमन नाकतोड़े के साथ घर लौट रहा था। ग्राम की सेलर मशीन के पास पहुंचते ही दोनों भाई अचानक आ गए। अश्लील गालियां देते हुए कहा कि तूने डीजे बंद कराया था। जब देवेश ने उन्हें गालियां देने से मना किया तो दीप उरकुड़े ने हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से देवेश के सिर पर जानलेवा वार कर दिया। वार इतना भीषण था कि सिर फट गया और खून बहने लगा। देवेश का दोस्त अमन बचाव के लिए आगे बढ़ा तो दोनों भाइयों ने उसे भी हाथों-मुक्कों से बुरी तरह मारा-पीटा। जाते-जाते दोनों ने देवेश को खुलेआम धमकी दी- दोबारा झगड़ा किया तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 157/26 के तहत धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 109(1) और 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# वारी स्थित मां पांडरी पाठ मंदिर में 13 मई को होगा पंडित शिवम जी महाराज का भव्य आगमन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध लांजी क्षेत्र में वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के ग्राम वारी स्थित मां पांडरी पाठ मंदिर में 13 मई को भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर पंडित शिवम जी महाराज का मंदिर परिसर में भव्य आगमन होगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर समिति एवं आयोजकों द्वारा जय श्री राम और जय मां पांडरी के उद्घोष के साथ क्षेत्रभर में आमंत्रण दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा भक्तों के स्वागत के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बताया गया है कि मां पांडरी पाठ मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। विशेष बात यह है कि जिले में सर्वाधिक मनोकामना ज्योति कलश इसी मंदिर में स्थापित किए जाते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां पांडरी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम के दौरान भक्तों को पंडित शिवम जी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# कलेक्टर मीना ने वारी जलाशय का किया निरीक्षण

## मत्स्य पालन को बढ़ावा देने अधिक संख्या में केज कल्चर लगाने के दिए निर्देश

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** कलेक्टर मृणाल मीना ने शनिवार 09 मई को लांजी प्रवास के दौरान वारी जलाशय का निरीक्षण कर वहां संचालित मत्स्य पालन गतिविधियों एवं केज कल्चर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्योद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले वारी जलाशय में अधिक संख्या में केज कल्चर स्थापित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि वारी जलाशय में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं। यदि बड़े स्तर पर केज कल्चर विकसित किए जाते हैं तो इससे स्थानीय लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इच्छुक लोगों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें इस योजना से जोड़ने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार, सहायक संचालक मत्स्योद्योग सुश्री पूजा रोडगे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबैंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## एनसीआरबी द्वारा जारी रिपोर्ट में एमपी की स्थिति चिंताजनक

# एसटी के खिलाफ अपराध में देशभर में एमपी टॉप पर

### - दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट के मामलो में प्रदेश टॉप-3 राज्यों में शामिल - किडनेपिंग और हत्या में चौथे नंबर पर

भोपाल। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी 'क्राइम इन इंडिया 2024' रिपोर्ट में एमपी की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। प्रदेश जहां अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अपराध के मामलों में देशभर में पहले नंबर पर है। वहीं दहेज हत्या और बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में भी प्रदेश टॉप-3 राज्यों में शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार अपहरण के मामलों में एमपी चौथे स्थान पर है। यहां हर दिन करीब 32 किडनेपिंग के मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश में हर तीन घंटे में दुष्कर्म का एक प्रकरण दर्ज हो रहा है। एनसीआरबी ने यह रिपोर्ट 6 मई को जारी की। इसमें 2024 में देशभर में हुए अपराधों के आंकड़े दिए गए हैं। यह रिपोर्ट सितंबर 2025 में आनी चाहिए थी, लेकिन इस बार मई 2026 में जारी की गई। रिपोर्ट में देरी की वजह आपराधिक आंकड़ों के सत्यापन और डेटा मिलान को बताया गया है।




**- एसटी के खिलाफ अपराधो में पहले और एसी के मामलो में दूसरे नंबर पर**

रिपोर्ट के अनुसार अनुसूचित जनजाति (एसट) वर्ग के खिलाफ अपराध के मामलों में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राज्य में एसटी वर्ग के खिलाफ 3,165 मामले दर्ज किए गए। अनुसूचित जाति (एसटी) वर्ग के खिलाफ अपराध के 7,765 मामलों के साथ एमपी देश में दूसरे स्थान पर रहा।

**- दहेज हत्या में प्रदेश तीसरे नंबर पर**

रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में प्रदेश में दहेज हत्या के 450 मामले दर्ज हुए। इनमें 232 मामले आईपीसी और 218 मामले बीएनएस की धाराओं के तहत दर्ज किए गए। दहेज हत्या के मामलों में एमपी तीसरे स्थान पर रहा। 2,038 मामलों के साथ उत्तर प्रदेश पहले और बिहार दूसरे स्थान पर रहा।

**- अपहरण और हत्या के मामलों में चौथा स्थान**

हत्या और अपहरण दोनों मामलों में मध्य प्रदेश देश में चौथे स्थान पर रहा। राज्य में हत्या के मामलों में लगातार कमी दर्ज की गई है। साल 2022 में हत्या जहां के 1,978 मामले सामने आए थे, वहीं 2023 में घटकर 1,832 रह गए। 2024 में 1,813 मामले दर्ज किए गए। वहीं किडनेपिंग के मामलों में प्रदेश में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई। 2022 में 10,409 मामले दर्ज हुए थे, जो 2023 में बढ़कर 11,768 हो गए। 2024 में यह आंकड़ा 11,847 तक पहुंच गया। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान के बाद मध्य प्रदेश चौथे स्थान पर रहा।

**- महिला अपराध में एमपी चार सालो से पांचवें स्थान पर**

मध्य प्रदेश महिला अपराध मे लगातार चौथे साल पांचवें स्थान पर रहा। यहां महिलाओं के खिलाफ 32,832 मामले दर्ज हुए। 2022 में 32,765 केस दर्ज किए गए थे, जो 2023 में घटकर 32,342 हुए। 2024 में राज्य में हर दिन औसतन 90 से ज्यादा महिलाओं से जुड़े अपराध दर्ज हुए।

**- बच्चो के खिलाफ अपराधो में कमी आई**

रिपोर्ट में राहत भरे आंकड़े भी सामने आये है। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में मध्य प्रदेश पिछले साल देश में पहले स्थान पर था, लेकिन इस बार राज्य तीसरे स्थान पर खिसक गया। एनसीआरबी के मुताबिक 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 21,908 मामले दर्ज किए गए। वहीं 2024 में एमपी में पॉक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्स) के 3721 मामले दर्ज किए गए। इसमें मध्यप्रदेश चौथे नंबर पर रहा। तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 5320 केस दर्ज हुए। महाराष्ट्र में 4829 मामले सामने आए। उत्तरप्रदेश में 3671 केस दर्ज हुए।

## कान्हा में 'जंगली भैंस' की वापसी से हो रहा प्रदेश का वन्य वैभव समृद्ध

### 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना कार्यक्रम के द्वितीय चरण का हुआ सफल संचालन

भोपाल । मध्यप्रदेश के वन्य जीव संरक्षण इतिहास में कान्हा टाइगर रिजर्व में 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना कार्यक्रम के द्वितीय चरण के सफल संचालन से नया अध्याय जुड़ गया। लगभग एक शताब्दी पूर्व प्रदेश के वनों से विलुप्त हो चुकी 'जंगली भैंस' प्रजाति की वापसी अब साकार हो रही है। कान्हा टाइगर रिजर्व, मंडला के सुपखार परिक्षेत्र में शुक्रवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती समिता राजोरा एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल. कृष्णमूर्ति ने 4 और जंगली भैंसों को विशेष रूप से निर्मित बाड़े में सफलतापूर्वक मुक्त किया। इस अवसर पर संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व रविंद्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक (कोर) प्रकाश वर्मा, उप संचालक (बफर) सुश्री अमिथा के.बी., समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्थानीय वन अमला उपस्थित रहा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में वन विभाग जैव विविधता संरक्षण और विलुप्तप्राय प्रजातियों के पुनर्वास के लिये विशेष अभियान चला रहा है। इसी के अंतर्गत असम के प्रसिद्ध काजीरंगा टाइगर रिजर्व से 'जंगली भैंस' को कान्हा के सुपखार क्षेत्र में पुनर्स्थापित किया जा रहा है। सुपखार वह क्षेत्र है, जहां ऐतिहासिक रूप से जंगली भैंसों की उपस्थिति होने के प्रमाण प्राप्त हुए हैं।

परियोजना के प्रथम चरण में 28 अप्रैल 2026 को 4 'जंगली भैंस' (1 नर और 3 मादा) को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुपखार स्थित विशेष बाड़े में मुक्त किया था। दूसरे चरण में 4 और जंगली भैंसों के आगमन के साथ कान्हा में इनकी संख्या बढ़कर 8 हो गई है। आगामी चरणों में भी परियोजना को और विस्तार दिया जाएगा। इससे प्रदेश में जंगली भैंसों की स्थायी और स्वस्थ आबादी विकसित होगी।

काजीरंगा टाइगर रिजर्व से कान्हा टाइगर रिजर्व तक लगभग 2,220 किलोमीटर की लंबी दूरी विशेष वन्यजीव परिवहन वाहनों से तय की गई। यात्रा के दौरान दो विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों की टीम लगातार स्वास्थ्य परीक्षण और निगरानी करती रही। सहायक संचालक एवं परिक्षेत्र अधिकारी ने पूरे अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान लगभग 72 घंटे तक चला।

'जंगली भैंस' भारतीय वन्यजीव धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, साथ ही यह वन पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में भी अहम भूमिका निभाता है। 'जंगली भैंस' की वापसी से कान्हा क्षेत्र की जैव विविधता और अधिक समृद्ध होगी और परियोजना देश में वन्यजीव पुनर्स्थापना के सफल मॉडल के रूप में स्थापित हो सकेगी।

मध्यप्रदेश, बाघ, चीता और गिद्ध संरक्षण जैसे अभियानों के लिए पहचान बना चुका है। 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापना अभियान से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर अग्रसर है।

## देश का पहला 'रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क' भोपाल में

भोपाल। भोपाल के आचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में देश के पहले 'रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क' का उद्घाटन शनिवार को किया गया। इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) ने विकसित यह पार्क रक्षा, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और हरित ऊर्जा (ईवी) के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों के स्वदेशी उत्पादन और रिसाइकिलिंग के लिए अनुसंधान को उद्योगों से जोड़ने वाला एक बड़ा केंद्र होगा। यह पार्क अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड (आईआरईएल) की ओर से स्थापित किया गया है। जो पूरी तरह एक लेबोरेट्री प्रोडक्ट की अवधारण पर काम करेगा। इस थीम पार्क का उद्देश्य देश में होने वाली साईंटफिक रिसर्च और इनोवेशन को सीधे उद्योगों तक पहुंचाना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क को इस तरह विकसित किया गया है कि इसमें भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र द्वारा विकसित तकनीकों और उनकी उपयोगिता को प्रदर्शित किया जाएगा। इस थीम पार्क का उद्देश्य रक्षा, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए जरुरी खनिजों का स्वदेशी उत्पादन करना। यहां लैंथनम, सेरियम और नियोडिमियम जैसी धातुओं के उत्पादन और पुरानी चुंबकों से रेयर अर्थ पुनर्चक्रण की सुविधाएं होंगी। बता दें यह भारत को रेयर अर्थ सामग्री के क्षेत्र में चीन पर निर्भरता कम करने में मदद करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक दुर्लभ मृदा एवं टाइटेनियम क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों एवं नवाचार उत्पादों का विकास एवं प्रदर्शन इसमें होगा। उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक मानकों की स्थापना, जिससे तकनीकों की दक्षता, विश्वसनीयता एवं विस्तार को मदद मिलेगी।

## अब आरआई, पटवारी, सुपरवाइजर भी रोक सकेंगे बाल विवाह

### सरकार ने बनाया बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी

भोपाल। प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए कलेक्टर एसडीएम की तरह अब राजस्व निरीक्षक, पटवारी और महिला बाल विकास की सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में कलेक्टर जैसे पॉवर मिल गए हैं। राज्य सरकार ने इन सभी को बाल विवाह के मामलों में सतर्क रहने और सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। महिला और बाल विकास विभाग ने इसके लिए गजट नोटिफिकेशन करके पटवारी, राजस्व निरीक्षक और सुपरवाइजर समेत अन्य अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी घोषित किया है।

प्रदेश सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य में राजधानी से लेकर ग्राम स्तर तक बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी की है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी होंगे। वहीं अनुविभागीय स्तर पर एसडीएम, तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को इसके लिए सक्षम अधिकारी घोषित किया गया है।

कलेक्टर, एसडीएम की तरह दिए पॉवर

विभाग ने कहा है कि इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेक्टर स्तर पर राजस्व विभाग के निरीक्षक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों को सक्षम अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा ग्राम स्तर पर पटवारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बनाया गया है।

इसके अलावा शहरी इलाकों में नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर परिषद क्षेत्रों में भी ऐसी ही व्यवस्था तय की गई है। नगर निगम क्षेत्र में जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, नगरपालिका क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक और नगर परिषद क्षेत्र में मुख्य नगर परिषद अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक और स्वच्छता निरीक्षक को इसके लिए अधिकृत किया गया है।

## पश्चिम बंगाल में सुशासन, सुरक्षा और विकास के नवयुग का हुआ शुभारंभ- मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही सुशासन, सुरक्षा और विकास के एक नवयुग का आरंभ हो गया है। पश्चिम बंगाल अब सच्चे अर्थों में आमार सोनार बांग्ला बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में यह राज्य अब अपने पुराने गौरव और वैभव को प्राप्त कर समग्र विकास, निवेश, सुशासन एवं जनकल्याण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कोलकाता के ब्रिग्रेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल की नवगठित राज्य सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अन्य वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्रीगण, एनडीए शासित विभिन्न राज्यों के विभिन्न मुख्यमंत्री एवं अतिविशिष्ट जनों की गरिमामय उपस्थिति में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सुवेन्दु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि ने सुवेन्दु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद एवं नई सरकार के 5 अन्य मंत्रीगण को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी को लोक कल्याण के इस नए दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए समर्पित मैदानी कार्यकर्ताओं एवं राज्य की जागरूक जनता को भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

## '23 जून 2025 से ये सस्पेंड चल रहे हैं, इन्हें बहाल कर दो'

### 90ए ब्रिज मामले में इंजीनियरों की बहाली को लेकर मंत्री ने नोटशीट पर लिखी टीप

भोपाल,। भोपाल के जिस 90 डिग्री एंगल वाले रेलवे ओवरब्रिज ने देशभर में मध्य प्रदेश की किरकिरी कराई थी अब उस मामले में सस्पेंड सभी 7 इंजीनियरों को बहाल कर दिया गया है। इनमें दो चीफ इंजीनियर भी शामिल हैं। खास बात यह है कि पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने बहाली वाली नोटशीट पर अपनी टीप भी लिखी है। इसमें लिखा कि '23 जून 2025 से ये सस्पेंड चल रहे हैं, इन्हें बहाल कर दो।' पूर्व में सस्पेंड होने के बाद दोनों तत्कालीन प्रभारी चीफ इंजीनियर ईएनसी ऑफिस में अटैच किए गए थे। बाकी इंजीनियर भोपाल में मैदानी ऑफिस में अटैच थे। बहाल होने के बाद सभी इंजीनियरों को ईएनसी ऑफिस में पदस्थ किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट में विभागीय सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सस्पेंड 7 इंजीनियरों को पहले आरोप पत्र जारी हुए हैं। सभी ने जवाब पेश कर दिए हैं। इसमें डिजाइन विंग से जुड़े इंजीनियरों ने गलती नहीं मानी है, लिहाजा जवाब का परीक्षण करने के बाद उन्हें बिना किसी कार्यवाही के बहाल किया गया है। चीफ इंजीनियर संजय खांडे। डिजाइन के गलत अनुमोदन के मामले में कार्रवाई की गई। उपयंत्री उमाशंकर मिश्रा। बिना रेलवे की सहमति के ड्राइंग का अनुमोदन काम कराया। प्रभारी एसडीओ रवि शुक्ला इनके द्वारा भी कार्य कराने में गलती की गई है। प्रभारी ईई शबाना रज्जाक और सहायक यंत्री शानुल सक्सेना। इन्होंने रेलवे से सहमति बिना जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग का अनुमान किया था। चीफ इंजीलियर जीपी वर्मा आरओबी के निर्माण में त्रुटिपूर्ण कार्यवाही कराई।

प्रभारी ईई जावेद शकील जिस तरह से काम काम को लेकर भूमिका अदा करना थी, नहीं की।

सेवानिवृत्त प्रभारी अधीक्षण यंत्री एमपी सिंह सेवा में रहते इन्होंने डिजाइन का अनुमोदन किया। विभागीय जांच के आदेश के बाद अब अधिकारी की नियु?क्ति होगी। जो बयान साक्ष्य और जवाब का परीक्षण करेगा। इसमें 4 से 5 माह का वक्त लग सकता है। बहाली के आदेश में यह भी साफ किया गया है कि ?पीडब्ल्यूडी के ब्रिज डिवीजन में तत्कालीन प्रभारी ?चीफ इंजीनियर जीपी वर्मा, तत्कालीन एसडीओ रवि शुक्ला और तत्कालीन उपयंत्री ?उमाशंकर मिश्रा के बारे में साफ किया गया है कि ? उनकी पदस्थापना के साथ विभागीय जांच भी ?चलेगी। बाकी पर कोई विभागीय जांच नहीं होगी।

बता दें मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग इलाके में बने 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज का टर्निंग वाला हिस्सा फिर से बन रहा है। पीडब्ल्यूडी रेलवे के साथ मिलकर ब्रिज को रीडिजाइन कर रहा है। हालांकि, यह अब तक शुरू नहीं हो सका है। इस कारण हजारों लोग हर रोज परेशान झेल रहे हैं। मामला सामने आने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जांच करवाई थी। एनएचएआई ने ब्रिज को लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें 35-40 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से गाड़ी नहीं चलाने का सुझाव दिया गया है। इससे अधिक स्पीड में गाड़ी चली तो हादसा होने का खतरा है।

## पीडब्ल्यूडी का रेस्ट हाउस-सर्किट हाउस आरक्षण को लेकर नया आदेश

### कलेक्टर-एसडीएम से अधिकार छीने, कहा-इन अफसरों ने कर रखा था अधिकारों पर अतिक्रमण

भोपाल । मध्यप्रदेश में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस के कक्षों के आरक्षण को लेकर नया आदेश जारी किया गया है। विभाग ने कलेक्टर और एसडीएम द्वारा आरक्षण प्रक्रिया में हस्तक्षेप पर आपत्ति जताते हुए इसे विभागीय अधिकारों पर अतिक्रमण माना है। इसके बाद आरक्षण संबंधी अधिकारों को लेकर नई व्यवस्था लागू की गई है। लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राज्य शासन के अधीन आने वाले विश्राम भवनों और विश्राम गृहों के कक्षों के आरक्षण का अधिकार तय अधिकारियों के पास ही रहेगा। शासन ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

आदेश के अनुसार राजधानी भोपाल स्थित विश्राम भवनों के आरक्षण का अधिकार राज्य सरकार के सत्कार अधिकारी को दिया गया है। वहीं भोपाल के सर्किट हाउस के कक्षों के आरक्षण की जिम्मेदारी कलेक्टर को सौंपी गई है।

इसके अलावा राजधानी के सभी रेस्ट हाउसों के आरक्षण का अधिकार लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के मुख्य अभियंता के पास रहेगा। वहीं जिला मुख्यालय, तहसील स्तर और उससे नीचे स्थित विश्राम गृहों के आरक्षण का अधिकार संबंधित जिले के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को सौंपा गया है।

लोक निर्माण विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि अन्य सभी पूर्व शर्तें यथावत लागू रहेंगी। विभाग का मानना है कि आरक्षण प्रक्रिया तय नियमों के तहत ही संचालित की जानी चाहिए, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था में स्पष्टता बनी रहे।

## कांग्रेस किसानों के लिए लाठी भी खाएगी और अगर जेल भी जाना पड़ा तो 100 बार तैयार - उमंग सिंघार

### मुबारक हो मेरे प्रदेश के किसानों...भाजपा सरकार आपसे डर गई है

भोपाल। विगत 7 मई को कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में किसानों की समस्याओं को लेकर किए गए प्रदर्शन और चक्काजाम में शामिल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ सरकार द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार का डर बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर लिखा है कि मुबारक हो मेरे प्रदेश के किसानों...भाजपा सरकार आपसे डर गई है। उन्होंने लिखा है कि कांग्रेस किसानों के लिए लाठी भी खाएगी और अगर जेल भी जाना पड़ा तो उमंग सिंघार 100 बार तैयार है। सिंघार ने लिखा है खलघाट सहित पूरे प्रदेश में किसानों के हक़ की आवाज़ उठी तो भाजपा ने समाधान नहीं, एफआईआर का रास्ता चुना।



मेरे नाम सहित कांग्रेस के कई विधायकों और सैंकड़ों नेताओं पर मुकदमे दर्ज कर दिए गए। क्या किसानों के लिए एमएसपी मांगना अपराध है?

क्या फसल बीमा, खाद-बीज और बिजली की बात करना गुनाह है?

सुन ले मोहन सरकार - कांग्रेस किसानों के लिए लाठी भी खाएगी और अगर जेल भी जाना पड़ा तो उमंग सिंघार 100 बार तैयार है

डर आपकी एफआईआर में दिख रहा है, किसानों की आवाज़ में नहीं।

अन्नदाता की लड़ाई अब और मजबूती से लड़ी जाएगी।

उन्होंने अंत में लिखा है जय किसान - जय किसान

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल जिला कार्यालय में जिला बैठक एवं कोर कमेटी की बैठक को किया संबोधित

# देश की जनता भाजपा पर भरोसा करती है, इस भरोसे को हमें बनाए रखना है

भोपाल/ बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल जिला कार्यालय में जिला बैठक एवं कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विचारधारा के प्रति निष्ठा हमारे संगठन की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता का भाजपा पर निरंतर भरोसा बढ़ा है। हम सभी कार्यकर्ताओं को जनता के इस भरोसे को इसी तरह बनाए रखने के लिए लगातार सेवोन्मुखी कार्य करना है। पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सतत चलने वाली प्रक्रिया है। संगठन की सफलता से कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ता है। सतत संपर्क और संवाद के साथ संगठन के कार्यों के लिए समय देना हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। बैठक को केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह, जिला प्रभारी सुदर्शन गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार ने भी संबोधित किया।

**संगठन को और बुलंदियों तक पहुंचाने कार्यकर्ता परिवार भाव से कार्य कर रहे**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश पार्टी संगठन के बताए अनुसार समय पर सभी बैठकें हम सभी कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करना है। संगठन को और बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता परिवार भाव से सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। बैतूल जिले में जिस तरह से समन्वय के साथ संगठन कार्य कर रहा है, वह अन्य जिलो के लिए भी प्रेरणा का कार्य करता है। मंडल स्तर की बैठक समय पर हो रही है। इनकी व्यवस्थित रिपोर्टिंग और कार्यकर्ताओं की निष्ठा से सभी कार्यक्रम सफल हुए हैं। आने वाले दिनों में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में संख्या अनुशासन और 100 प्रतिशत उपलब्धता से हम संगठन की आशाओं पर खरे उतरेंगे। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन से लेकर समापन तक सर्वव्यापी, सर्व समावेशी और सर्वस्पर्शी अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण हमें प्रस्तुत करना है।

**प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन का सृजन करते हैं**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता सशक्त संगठन का सृजन करते हैं। पार्टी कार्यकर्ता संगठन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी व उल्लेखनीय कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं। हमारे संगठन में प्रशिक्षण और सतत संवाद की प्रक्रिया है, जो हमें अन्य दलों से अलग बनाती है। प्रशिक्षण और सतत संवाद से ही हमारा दल आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है।

बैठक में विधायक महेंद्र सिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, श्रीमती गंगाबाई उइके, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चों के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### बैहर क्षेत्र से दो व्यक्ति रहस्यमय ढंग से लापता

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के बैहर थाना क्षेत्र से दो व्यक्ति अचानक लापता हो जाने का मामला सामने आया है। दोनों के परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर बैहर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी है। लापता दोनों व्यक्ति जिनमें कमलेश पिता





गोबरूसिंह मेरावी 40 वर्ष ग्राम परसाटोला (भंडेरी) और धर्मेंद्र पिता सुमन सिंह धुर्वे 31 वर्ष वार्ड नंबर 3 तुमड़ीभाट बैहर निवासी है। बैहर पुलिस ने आम नागरिकों से भी दोनों व्यक्तियों की पतासाजी में सहयोग करने की अपील की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसा टोला (भंडेरी) निवासी कमलेश मेरावी फॉरेस्ट ऑफिस बैहर में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। वे अपने परिवार के साथ ग्राम परसा टोला में रहते हैं। परिवार में पत्नी मोना मेरावी, एक पुत्र एवं एक पुत्री हैं।बताया गया कि 6 मई की रात कमलेश मेरावी भोजन करने के बाद घर के बाहर वाले कमरे में सोने चले गए थे। जबकि उनकी पत्नी बच्चों के साथ अंदर कमरे में सो गई थीं। 7 मई की सुबह करीब 5 बजे जब पत्नी की नींद खुली तो कमलेश कमरे में नहीं थे। परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों तथा उनके कार्यालय में संपर्क कर तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पत्नी मोना मेरावी ने बैहर थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।बैहर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 35/2026 कायम कर कमलेश मेरावी की तलाश शुरू कर दी है। उनका हुलिया लगभग 5 फीट 2 इंच, कद गोरा रंग बताया गया है। वे घर से निकलते समय गुलाबी रंग की टी-शर्ट, काले रंग का लोअर एवं सफेद गमछा पहने हुए थे।इसी प्रकार ग्राम तुमड़ीभाट निवासी धर्मेंद्र धुर्वे भी अचानक लापता हो गए हैं। धर्मेंद्र खेती-किसानी का कार्य करते हैं और अपने परिवार के साथ गांव में रहते हैं। बताया गया कि 3 मई की सुबह करीब 5 बजे वे बिना बताए घर से निकल गए और वापस नहीं लौटे। परिजनों ने गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।धर्मेंद्र धुर्वे का हुलिया गोरा रंग, लगभग 5 फीट 2 इंच कद बताया गया है। वे घर से निकलते समय पेंट-शर्ट पहने हुए थे। इस मामले में उनके भाई जितेंद्र धुर्वे द्वारा 8 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर बैहर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 34/2026 कायम कर जांच शुरू की है।बैहर पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि दोनों में से किसी भी व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो या वे कहीं दिखाई दें तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा बैहर थाना में सूचना दे।

# बालाघाट पहुंचे कांग्रेस नेता अजय सिंह, कार्यकर्ताओं को एकजुटता का दिया संदेश

## टिकट वितरण और गुटबाजी पर बोले राहुल भैया, कहा- पार्टी विरोध संगठन को करता है कमजोर

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।



8 मई की देर शाम कांग्रेस नेता अजय सिंह उर्फ राहुल भैया बालाघाट पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उनके स्वागत के लिए समर्थक सिवनी तक पहुंचे और जिले की सीमा से लेकर बालाघाट शहर तक जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए गए। बालाघाट आगमन के बाद अजय सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार से मिलने उनके निवास पहुंचे। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक एवं सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कई नेताओं में टिकट पाने की उम्मीद पैदा कर दी जाती है, लेकिन टिकट केवल एक व्यक्ति को दी जाती है। ऐसे में कुछ लोग पार्टी के खिलाफ काम करने लगते हैं, जो संगठन हित में उचित नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह देते हुए कहा कि छोटे स्तर पर यदि किसी प्रकार का मनमुटाव या विवाद है, तो उसे वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से बैठकर सुलझाया जाना चाहिए। आपसी विवाद और गुटबाजी से पार्टी कमजोर होती है। अजय सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और आगामी समय में पार्टी की विचारधारा को मजबूती से जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिले की कांग्रेस इन दिनों लगातार अंदरूनी उठापटक और गुटबाजी को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। पहले लालबर्रा किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के इस्तीफे और उनके द्वारा बालाघाट विधायक पर लगाए गए आरोपों ने राजनीतिक माहौल गर्माया था, वहीं अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह उर्फ राहुल भैया के बालाघाट दौरे और उनके बयान ने जिले की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। बीते 8 मई को अजय सिंह देर रात बालाघाट पहुंचे, जहां उनके स्वागत के लिए कांग्रेस नेताओं और समर्थकों की भीड़ दिखाई दी। उन्होंने जिले के कई वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। हालांकि उनका दौरा संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से बताया गया, लेकिन उनके बयान के बाद कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी और भी खुलकर सामने आती दिखाई दे रही है। अजय सिंह ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में सबसे बड़ी समस्या यह है कि चुनाव आते-आते कई नेता बड़ी संख्या में लोगों की टिकट की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि कई बार नेता कार्यकर्ताओं और समर्थकों से यह कह देते हैं कि तुम टिकट ले लो, हम प्रयास करेंगे, जिसके कारण एक ही विधानसभा में कई-कई दावेदार तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हर सीट पर 7 से 10 और कहीं-कहीं 15 से 20 तक टिकट के दावेदार सामने आ जाते हैं। ऐसे में जब पार्टी किसी एक व्यक्ति को टिकट देती है तो बाकी लोग नाराज होकर संगठन के खिलाफ काम करना शुरू कर देते हैं और यही स्थिति पार्टी को कमजोर करती है। उन्होंने नेताओं से कहा कि उन्हें संकल्प लेना चाहिए कि वे किसी भी कार्यकर्ता या नेता की टिकट की महत्वाकांक्षा को अनावश्यक रूप से जागृत न करें। उन्होंने कहा कि जिसकी किस्मत में टिकट होगी, उसे पार्टी अवसर देगी, लेकिन नेताओं को झूठी उम्मीदें नहीं बांटना चाहिए। राहुल भैया के इस बयान के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच कई सवाल खड़े हो गए हैं। लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा शुरू हो गई है कि यदि टिकट की महत्वाकांक्षा रखना ही गलत है तो फिर वर्षों तक संगठन में मेहनत करने और पार्टी के लिए संघर्ष करने का उद्देश्य क्या रह जाएगा। कई कार्यकर्ताओं का मानना है कि राजनीति में सक्रिय रहने वाला हर कार्यकर्ता भविष्य में प्रतिनिधित्व का अवसर चाहता है और टिकट की उम्मीद रखना स्वाभाविक है। राहुल भैया के बयान के बाद जिले में कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनका यह बयान सीधे तौर पर जिले में सक्रिय अलग-अलग गुटों और टिकट की राजनीति से जुड़ा हुआ है। बालाघाट कांग्रेस पहले से ही संगठनात्मक कमजोरी और नेताओं के बीच मतभेदों से जूझ रही है। ऐसे में वरिष्ठ नेता के इस बयान ने कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस और निराशा का माहौल पैदा कर दिया है। हालांकि कांग्रेस के कई नेता इस बयान को संगठनात्मक अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने की सलाह के रूप में भी देख रहे हैं।

### मनमुटाव को समय रहते खत्म कर ले - अजय सिंह

अपने दौरे के दौरान अजय सिंह ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक संजय उईके की खुलकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि संजय उईके बेहद सरल और नेक इंसान हैं और संगठन को संभालने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेताओं को अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच पैदा हो रहे मनमुटाव को समय रहते खत्म करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कई बार नेता अपने नीचे काम करने वाले लोगों को सही तरीके से समझाने का प्रयास नहीं करते, जिससे छोटे-छोटे विवाद धीरे-धीरे बड़े मतभेद में बदल जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इन मतभेदों को खत्म नहीं किया गया तो यह संगठन को भीतर से कमजोर कर देते हैं और दीमक की तरह पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं।



## तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आए ट्रक चालक : हालत गंभीर-हायर सेंटर रेफर

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वारासिवनी रोड स्थित ग्राम गर्रा में शुक्रवार को तेज रफ्तार डंपर ने एक ट्रक चालक को चपेट में ले लिया । हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ट्रक चालक शिव पिता बिशन लाल बांते 55 वर्ष ग्राम सिवनी थाना हट्टा निवासी है।जिसे जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव बांते स्वयं अपने ट्रक के मालिक भी हैं और ट्रक चलाने का कार्य करते हैं। बताया गया कि 9 मई को शिव बांते अपने ट्रक से ग्राम गर्रा स्थित मां वैष्णवी राइस मिल भूसा लेने पहुंचे थे। ट्रक राइस मिल में खड़ा करने के बाद वे पास की दुकान पर चाय-नाश्ता करने चले गए। सुबह करीब 11 बजे चाय-नाश्ता कर वे पैदल वापस राइस मिल की ओर लौट रहे थे।तभी वारासिवनी की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि शिव बांते गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों की मौके पर भीड़ लग गई ।घायल शिव बांते को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद डंपर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिए।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेड़ापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट